सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-375
28/08/2017

मुख्यमंत्री ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की

पटना 28 अगस्त, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों एवं जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के क्रम में बाढ़ राहत कार्य, आगामी पर्व त्योहारों की तैयारी, विधि–व्यवस्था की समस्या, शराबबंदी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार की बाढ़ अभूतपूर्व थी। हमने पूरे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। अधिकारियों को भी निर्देश देकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कराया गया ताकि वे स्थिति का सही आकलन कर सकें। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत कार्य में लगे सभी लोगों के कार्यों की मैं सराहना करता हूँ। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द नगद अनुदान उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रसन्नता होगी, अगर बकरीद पर्व से पूर्व बाढ़ प्रभावित परिवारों को निर्धारित मापदंड के अनुसार नगद अनुदान की राशि उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होनें कहा कि इसके लिये आप सभी यथासंभव प्रयास करें। जिनका खाता नहीं है, उनका जल्द से जल्द बैंक खाता खुलवाया जाय ताकि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री जी को भी बताया था कि सड़कों में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। हमारी नेपाल के प्रधानमंत्री जी से भी बातचीत हुयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बने हुये सभी पंचायत सरकार भवनों में या उनके परिसर में कुछ ऐसा इंतजाम हो कि बाढ़ की स्थिति में इन स्थानो पर कम्यूनिटी रिलीफ सेंटर चलाया जा सके। उन्होंने कहा कि जहॉ नये पंचायत सरकार भवन बनने हैं, वहॉ पर भी इसका ख्याल रखा जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के समस्याओं के संबंध में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ भी विस्तृत चर्चा हुयी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के संदर्भ में यह कहना मुश्किल है कि कब, कहॉ, कौन सी आपदा आ जाय। बिहार आपदा प्रोन राज्य है। हमें हर समय तैयार रहना है। हमें प्रैक्टिल एप्रोच्च से काम करना होगा। वज्रपात के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑध्रप्रदेश में वज्रपात के अनुमान की दिशा में काम किया गया है। उसी तरह यहॉ भी किया जायेगा। वज्रपात के आधा घंटा पूर्व उसकी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी, जिससे उस क्षेत्र के लोगों को मोबाइल के माध्यम से आगाह किया जा सकेगा। आगामी पर्वों की तैयारी एवं विधि–व्यवस्था बनाये रखने के संबंध मे मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सौहार्द्र एवं आपसी प्रेम एवं भाईचारा बिहार की परम्परा है, इसे हर हालत में बनाये रखना है। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक,

सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित जिलास्तरीय सहित अन्य वरीय अधिकारी जुड़े हुये थे।

******